सत्यमेव जयते

राज निवास
दिल्ली-११००५४
RAJ NIWAS
DELHI-110054

विनय कुमार सक्सेना
उपराज्यपाल
Vinai Kumar Saxena
Lt. Governor

D.O: RN/2024/463
Dated: 11-12-2024

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि सेवा भारती प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी **सेवा सम्मान- 2024** कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसमें उल्लेखनीय सामाजिक कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। मैं, सेवा भारती द्वारा वर्षों से किए जा रहे सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।

सेवा भारती, जिस प्रकार से नर सेवा-नारायण सेवा को अपना आधार बनाकर सामाजिक उत्थान में लगी है, वह हर किसी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुझे पूरा विश्वास है कि भविष्य में भी यह संस्था इसी प्रकार से जनसेवा से जुड़े कार्यों को जारी रखते हुए वंचितों की मदद को तत्पर रहेगी। मुझे यह भी ज्ञात हुआ है कि सेवा भारती अभी अपने 2500 सेवा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर 676 प्रकल्पों के साथ 959 प्रोजेक्ट्स चला रही है, जिसके अंतर्गत अब तक 26 लाख से अधिक जरूरतमंद लोग लाभांवित हुए हैं।

मैं सेवा भारती द्वारा आयोजित आगामी सेवा सम्मान कार्यक्रम के लिए अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

**( विनय कुमार सक्सेना )**